(ग) और (घ) अभ्यर्थियों की नियुक्ति, योग्यता सूची के क्रम के अनुसार की गई थी।

**देश में नवोदय विद्यालयों का खोला जाना**

3379. **श्री दिलीप सिंह जूदेव** : क्या मानव संसाधन विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार आठवीं पंचवर्षीय योजना के अंत तक देश के सभी राज्यों में नवोदय विद्यालय खोलने का विचार रखती है;

(ख) यदि हां, तो उन स्थानों का राज्य-वार ब्यौरा क्या है जहां शिक्षा-संस्थाओं का अभाव है तथा अब तक नवोदय विद्यालय नहीं खोले गए है;

(ग) सरकार द्वारा प्रत्येक राज्य में कुल कितने नवोदय विद्यालय खोले जायेंगे और इन नवोदय विद्यालयों में अध्यापन-कार्य कब से आरम्भ किया जाएगा;

(घ) यदि हां, तो उनका ब्यौरा क्या है; और

(ङ) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं ?

**मानव संसाधन विकास मंत्रालय (शिक्षा विभाग और संस्कृति विभाग) में उप मंत्री (कुमारी शैलजा)** : (क) और (ख) जी, हां। तमिलनाडु तथा पश्चिम बंगाल के जिलों को छोड़कर जिन्होंने अभी तक इस योजना के लिए विकल्प नहीं दिया है देश के प्रत्येक जिले में एक नवोदय विद्यालय खोलने का प्रस्ताव है। अब तक स्वीकृत नवोदय विद्यालयों के राज्य-वार ब्यौरे संलग्न विवरण में दिए गए हैं। **(नीचे देखिए)**

(ग) और (घ) फिलहाल, 18 राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों में 101 जिलों को इस योजना में अभी शामिल किया जाना है जिनके ब्यौरे संलग्न विवरण में दिए गए है। इन जिलों को आठवी योजना अवधि के दौरान भी शामिल किया जाएगा बशर्ते कि संबंधित राज्य सरकारें/संघ राज्य क्षेत्र निःशुल्क उपयुक्त भूमि उपलब्ध करादें और नवोदय विद्यालय समिति के अपने भवन निर्मित हो जाने तक विद्यालयों को चलाने के लिए अस्थायी आवास मुहैया करा दें।

(ङ) प्रश्न नहीं उठता।

**विवरण**

**खोले गए/स्थापित किए गए ज० न० वि० और शामिल न किए गए जिलों का राज्यवार ब्यौरा**

| क्रम संख्या | राज्य/संघ शासित क्षेत्र का नाम | जिलों की संख्या | खोले गए ज०न०वि० | शेष जिले |
|---|---|---|---|---|
| 1 | आन्ध्र प्रदेश | 23 | 22 | 01 |
| 2 | अरुणाचल प्रदेश | 11 | 06 | 05 |
| 3 | बिहार | 50 | 30 | 20 |
| 4 | गुजरात | 19 | 12 | 07 |
| 5 | हरियाणा | 16 | 12 | 04 |
| 6 | हिमाचल प्रदेश | 12 | 10 | 02 |
| 7 | केरल | 14 | 12 | 02 |
| 8 | महाराष्ट्र | 33 | 27 | 06 |
| 9 | मेघालय | 06 | 05 | 01 |
| 10 | उड़ीसा | 13 | 12 | 01 |
| 11 | पंजाब | 12 | 11 | 01 |
| 12 | राजस्थान | 28 | 24 | 04 |
| 13 | सिक्किम | 04 | 02 | 02 |
| 14 | नागालैण्ड | 07 | 03 | 04 |
| 15 | त्रिपुरा | 03 | 02 | 01 |
| 16 | उत्तर प्रदेश | 63 | 44 | 19 |
| 17 | दिल्ली | 04 | 02 | 02 |
| 18 | असम | 23 | 04 | 19 |

विवरण—जारी

| क्रम संख्या | राज्य/संघ शासित क्षेत्र का नाम | जिलों की संख्या | खोले गए ज०न० वि० | शेष जिले |
|---|---|---|---|---|
| | (शत-प्रतिशत शामिल किए गए) | | | |
| 1 | गोआ | 02 | 02 | – |
| 2 | जम्मू और कश्मीर | 14 | 14 | – |
| 3 | कर्नाटक | 20 | 20 | – |
| 4 | मणिपुर | 08 | 08 | – |
| 5 | मज़ोरम | 03 | 03 | – |
| 6 | अंडमान और निकोबार द्वीप समूह | 02 | 02 | – |
| 7 | दादर और नागर हवेली | 01 | 01 | – |
| 8 | दमन और दीव | 02 | 02 | – |
| 9 | लक्षदीप | 01 | 01 | – |
| 10 | पाण्डिचेरी | 04 | 04 | – |
| 11 | मध्य प्रदेश | 45 | 45 | – |
| 12 | चण्डीगढ़ | 01 | 01 | – |
| | कुल : | 444* | 343 | 101 |

*तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल राज्यों को छोड़कर ।

**Education of Minorities under New Education Policy**

3380. SHII MOHAMMED AFZAL *alias* MEEM AFZAL: Will the Minister of HUMAN RESOURCE DEVELOPMENT be pleased to state:

(a) whether it is a fact that under the New Education Policy, Government has made sure that the minorities should be educated and in this regard has identified 300 Districts all over the country where the minorities are in the majority, and in 1st stage, work would be taken up in 41 such Districts; and

(b) if so, the names of 300 Districts as well as the 41 Districts in which work would be taken up?

THE DEPUTY MINISTER IN THE MINISTRY OF HUMAN RESOURCE DEVELOPMENT (DEPARTMENT OF EDUCATION AND DEPARTMENT OF CULTURE) (KUMARI SELJA): (a) and (b) In pursuance of the Programme of Action, 1992, with a view to accelerate educational development of educationally backward minorities, the Government have launched a scheme of Area Intensive Programme for Educationally Backward Minorities. Under the scheme, in the first instance, only the following 41 Districts have been identified as having concentration of educationally backward minorities:

Rampur, Bijnor, Moradabad, Saharanpur, Muzaffarnagar, Meerut, Bahraich, Gonda, Ghaziabad, Pilibhit, Deoria, Barabanki, Basti, Murshidabad, Malda, West Dinapur, Birbhoom, Nadia, 24 Parganas (North), 24 Parganas (Sourth), Cooch-Bihar, Howrah, Malapuram, Kozhidode, Cannanore, Palghat, Wyanad, Purnea, Katihar, Darbhanga, Bidar, Gulbarga, Bijapur, Greater Bombay, Aurangabad, Hyderabad, Kurnool, Gurgaon, Bhopal, Jaisalmer and Kachch.